>

Title: Need to expedite the construction of two rail over-bridges in Bharatpur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): महोदय, मुझे बोलने का मौका दिया गया इसके लिए बहुत आभार व्यक्त करता हूं। माननीय, भरतपुर शहर जो राजस्थान राज्य में हैं, में दो ओवरब्रिज रेलवे लाइन्स पर पिछले तीन वर्षों से निर्माणाधीन है। एक ओवरब्रिज भरतपुर से कुम्हेर व दूसरा भरतपुर से मथुरा सड़क रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माण किया जा रहा है। एक ब्रिज 252 एल.सी. पर और दूसरा 244 एल.सी पर निर्माणधीन है। निर्माण कार्य की गति अत्यधिक धीमी है। यह प्रायः बंद ही है जिससे आमतौर पर सभी व्यक्तियों का परिवहन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। कई-कई घंटे परिवहन जाम/अवरूद्ध रहता है। परिवहन सुविधा हेतु यहां कोई उपयुक्त बाईपास सर्विस रोड भी नहीं बनाई गई है। माननीय रेलवे मंत्री महोदय से, सदन के माध्यम से निवेदन है कि इन दोनों रेलवे ओवरब्रिजों को शीघ्र बनाने के आदेश प्रदान करें। यह उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने उनका एप्रोच रोड का पूरा निर्माण कर दिया है।

माननीय रेलवे मंत्री महोदय, इन दोनों ब्रिजों को शीघ्र बनाने के आदेश प्रदान करें, जिससे सभी आम आदमियों एवं किसानों के लिए परिवहन सुगम एवं सहज हो सके।